रजिस्ट्री सं. --डी(डीएन)--128/89 REGISTERED No. D—(DN)—128/89

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 26] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 1, 1989 (आषाढ़ 10, 1911)
No. 26] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 1, 1989 (ASADHA 10, 1911)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—रक्षा मंत्रालय को छोड़कर भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	503
भाग I--खण्ड 2--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . .	653
भाग I--खण्ड 3--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . . .	65
भाग I--खण्ड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	847
भाग II--खण्ड 1--अधिनियम, अध्यादेश और विनियम .	*
भाग II--खण्ड 1--क--अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ .	*
भाग II--खण्ड 2--विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट .	*
भाग II—खण्ड 3--उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं) । . . .	*
भाग II--खण्ड 3--उप-खण्ड (ii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं . . .	*
भाग II--खण्ड 3--उप खण्ड-(iii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं) .	*
भाग II--खण्ड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश .	*
भाग III--खण्ड 1--उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं . .	559
भाग III--खण्ड 2--पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस . . .	619
भाग III—खण्ड 3--मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	*
भाग III--खण्ड 4--विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	585
भाग IV--गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	83
भाग V--अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दिखाने वाला अनुपूरक	--

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई है ।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court.	503
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	653
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	65
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	847
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authority (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	559
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	619
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	585
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	83
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folio Nos. not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION I]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़ कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 14 जून 1989

सं० 51-प्रेज/89—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री सवाई सिंह, (मरणोपरान्त)
पुलिस उप अधीक्षक
69 बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
उत्तरी त्रिपुरा ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

15 जुलाई, 1987 को टी० एन० वी० उग्रवादियों के एक गिरोह ने गांव शिव बाड़ी पर छापा मारा तथा आगजनी, लूटपाट और हत्याएं करने के बाद यह गिरोह गांव इशाना रोज़ा पाड़ा की ओर चला गया । गिरोह को रोकने और उसका सफाया करने के लिए पुलिस उप अधीक्षक श्री सवाई सिंह के नेतृत्व में, श्री ओम प्रकाश, श्री सबीर हुसैन और श्री रिछपाल सिंह, कांस्टेबलों और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 26 कार्मिकों समेत केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 69 बटालियन की 4 टुकड़ियां गांव इशान रोज़ा पाड़ा की ओर रवाना हुई । पुलिस दल घात लगाने के संभव स्थानों पर नजर रखते हुए चतुराई पूर्वक आगे बढ़ा और जब वे गांव के लगभग 500 गज दूर थे, तो उन पर उग्रवादियों ने अचानक भारी गोलाबारी शुरू कर दी । भारी गोलाबारी के बावजूद और अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना श्री सवाई सिंह उग्रवादियों के निकट उस स्थान पर पहुंच गए, जहां से वे गोलियां चला रहे थे । उन्होंने अपने जवानों को अपने मोर्चे बदलने का आदेश दिया ताकि किसी प्रकार की जीवन हानि के बगैर उग्रवादियों पर कारगर रूप से गोली चलाई जा सके । इसके बाद वे उग्रवादियों की स्थिति का पूर्ण रूप से पता लगाने के लिए उनकी दिशा की ओर रेंग कर गये । इस प्रक्रिया के दौरान उनकी छाती में अनेक गोलियां लगीं, जिससे वे अनेक रूप से घायल हो गये परन्तु घायल होने के बावजूद वे आगे बढ़ते रहे । जब वे उग्रवादियों के गोलाबारी करने के मुख्य मोर्चे के ठीक नीचे पहुंचे और उन्होंने उग्रवादियों के मोर्चे की तरफ गोली चलाने के लिए अपना पिस्तौल निकाला तो वे गोली नहीं चला सके और उसी क्षण उनकी मृत्यु हो गयी ।

इस मुठभेड़ में श्री सवाई सिंह, पुलिस उप-अधीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 15 जुलाई, 1987 से दिया जाएगा ।

सं० 52-प्रेज-89—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री ओम प्रकाश (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल सं० 820690135,
69वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
उत्तरी त्रिपुरा ।

श्री सुबीर हुसैन,
कांस्टेबल सं० 810696436,
69वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
उत्तरी त्रिपुरा ।

श्री रिछपाल सिंह,
कांस्टेबल सं० 810693605,
69वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
उत्तरी त्रिपुरा ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

15 जुलाई, 1987 को टी० एन० वी० उग्रवादियों के एक गिरोह ने गांव शिव बाड़ी पर छापा मारा तथा आगजनी, लूटपाट और हत्याएं करने के बाद इशान रोज़ा पाड़ा की ओर चला गया । गिरोह को रोकने और उसका सफाया करने के लिए पुलिस उप-अधीक्षक श्री सवाई सिंह के नेतृत्व में, श्री ओम प्रकाश, श्री सबीर हुसैन और श्री रिछपाल सिंह कास्टेबल और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 26 कार्मिकों समेत केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 69 बटालियन की 4 टुकड़ियां गांव इशान रोज़ा पाड़ा की ओर रवाना हुई । पुलिस बल घात लगाने के संभव स्थानों पर नजर रखते हुए चतुराईपूर्वक आगे बढ़ा और जब वे गांव के लगभग 500 गज दूर थे तो उन पर उग्रवादियों ने अचानक भारी गोलाबारी शुरू कर दी । भारी गोलाबारी के बावजूद और अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना श्री सवाई सिंह उग्रवादियों के निकट उस स्थान पर पहुंच गये जहां से वे गोलियां चला रहे थे । उन्होंने अपने जवानों को अपने मोर्चे बदलने का आदेश दिया ताकि किसी प्रकार की जीवन हानि के बगैर उग्रवादियों पर कारगर रूप से गोली चलाई जा सके । इसके बाद वे उग्रवादियों की स्थिति का पूर्ण रूप से पता लगाने के लिए उनकी दिशा की ओर रेंग कर गये । इस प्रक्रिया के दौरान उनकी छाती में अनेक गोलियां लगीं, जिससे वे गम्भीर रूप से घायल हो गए परन्तु घायल होने के बावजूद वे आगे बढ़ते रहे ।

कांस्टेबल ओम प्रकाश पुलिस दल की अगुआ टुकड़ी के एल० एम० जी० ग्रुप में थे । जब टुकड़ी पर भारी गोलाबारी हुई, तो उन्होंने सड़क की ओर भागते हुए उग्रवादियों के गोलाबारी करने के मोर्चे पर अपनी एल० एम० जी० से गोलियां चलाते हुए जबाबी आक्रमण शुरू कर दिया ।

उनकी तात्कालिक प्रतिक्रिया से उग्रवादियों के होंसले पस्त हो गए और वे सही लक्ष्य पर गोली नहीं चला पाए । इस कार्रवाई में वे उग्रवादियों की गोलियों से बुरी तरह घायल हो गए और घटना स्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई ।

छापे के लिए जाते समय कांस्टेबल सबीर हुसैन को जंगल में कुछ हलचल का संदेह हुआ । वे जल्दी से अपनी राइफल को गोली चलाने की स्थिति में लाये परन्तु घात में बैठे हुए उग्रवादियों ने पुलिस दल पर गोली चला दी । कांस्टेबल हुसैन की छाती में बायीं ओर गोली लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गए, गोली से घायल होने की परवाह न करते हुए उन्होंने जवाब में गोली चलाई । तात्क्षणिक गोलीबारी के कारण, उग्रवादियों का एक दल सामना नहीं कर सका और अपने मोर्चे से कूदकर उस गहरे नाले से भाग गया जो उनके मोर्चे के पीछे था । । उनका बहुत अधिक रक्त बह रहा था फिर भी जब वे ऊंची जमीन के ठीक नीचे सड़क के मोड़ के पास पहुंचे तो उन्होंने महसूस किया कि पहाड़ियों में से भारी गोलीबारी हो रही थी और उन्होंने उसी स्थान से गोली चलानी शुरू कर दी । अप्रत्याशित स्थिति में अचानक प्रतिक्रिया होने के कारण उग्रवादियों की गोलीबारी एक क्षण के लिए रुक गयी और उनके कंपनी कमांडर श्री सवाई सिंह को उग्रवादियों पर जवाबी आक्रमण करने के लिए योजना बनाने का अवसर मिल गया । रक्त की भारी क्षति होने और थकावट के कारण कांस्टेबल सबीर हुसैन बहुत कमजोर हो गये और वे खड़े नहीं रह सके । कांस्टेबल हुसैन की स्थिति को देखकर कांस्टेबल रिछपाल सिंह ने उसे आड़ में पीछे की ओर धकेल दिया । उन्होंने स्वयं कार्रवाई शुरू कर दी और एक स्थान से दूसरे स्थान पर बिजली की गति के समान जाते हुए अपनी एस० एल० आर० से उग्रवादियों के मोर्चे पर गोलाबारी शुरू की । इसी दौरान उन्होंने देखा कि श्री सवाई सिंह उग्रवादियों के मुख्य मोर्चे के नीचे मृत पड़े हैं । कांस्टेबल रिछपाल सिंह अपनी निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए सामने आए और श्री सवाई सिंह के कंधे से सुबाह्य वायर लैस उतार लिया । जब कांस्टेबल ओम प्रकाश गोली के घातक प्रहार से गिर गए थे तो वे (रिछपाल सिंह) एक बार फिर पीछे भागे और मृत कांस्टेबल ओम प्रकाश के हाथों से एल० एम० जी० लेने में सफल हो गए । इस तरह उन्होंने वायर लैस सेट और एल० एम० जी० को उग्रवादियों के हाथों में जाने से बचाया ।

इस मुठभेड़ में श्री ओम प्रकाश, कांस्टेबल श्री सबीर हुसैन, कांस्टेबल और श्री रिछपाल सिंह, कांस्टेबल ने उत्कृष्टता वीरता, साहस और उच्च कोटि का कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 15 जुलाई, 1987 से दिया जाएगा ।

सं० 53-प्रेज/89—राष्ट्रपति त्रिपुरा पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री गोपाल सरकार,
कांस्टेबल सं० सी०/6741
टी० ए० पी०,
द्वितीय बटालियन,
अथर भोला, त्रिपुरा ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

8 जून, 1986 को कुछ सशस्त्र उग्रवादियों द्वारा टी० ए० पी० शिविर के नजदीक उकेती डालने के प्रयत्नों के बारे में सूचना मिलने पर, श्री प्रफुल कुमार पाल, पुलिस उप-निरीक्षक ने उस सड़क पर, जिससे उग्रवादियों के गुजरने की संभावना थी, घात लगाने की योजना टी० ए० पी० की द्वितीय बटालियन के शिविर प्रभारी ने उपलब्ध पुलिस बल को दो ग्रुपों में विभाजित किया । एक ग्रुप का नेतृत्व उन्होंने स्वयं किया और दूसरे ग्रुप का नेतृत्व हैड कांस्टेबल चितरंजन पाल ने किया । कांस्टेबल गोपाल सरकार द्वितीय ग्रुप में था । इस ग्रुप को आगे दो ग्रुपों में विभाजित किया गया जिसमें कांस्टेबल गोपाल सरकार और तीन अन्य कांस्टेबल थे ।

पुलिस दल ने उस सड़क के साथ-साथ मोर्चा लगाया जिससे उग्रवादियों के जीप द्वारा गुजरने की योजना सूचित की गई थी । 8 जून 1986 को रात के लगभग 9.30 बजे एक जीप को जिसका रजिस्ट्रेशन नं० टी० आर० टी–1301 था, दक्षिणी त्रिपुरा जिले के उदयपुर की ओर जाते हुए देखा गया । हैड कांस्टेबल चितरंजन पाल के नेतृत्व वाले दल ने वाहन को रुकने का आदेश दिया लेकिन उग्रवादियों ने पुलिस दलों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी थी । पुलिस दलों ने भी आत्मरक्षा में गोलियों का जवाब गोलियों से दिया। तथापि कांस्टेबल गोपाल सरकार ने गोली चला कर और जीप के एक टायर को पंचर करके जीप को रोक दिया लेकिन उपद्रवी जीप के अन्दर से स्वचालित हथियारों से गोली चलाते रहे । उपद्रवियों द्वारा चलाई जा रही गोलियों को रोकने के लिए कोई दूसरा उपाय न पाकर श्री गोपाल सरकार अपनी राईफल से गोली चलाते हुए वाहन की तरफ भागे । इससे उपद्रवियों में घबराहट पैदा हो गयी और वे जीप से बाहर भागे और अन्य दो टी० ए० पी० दलों द्वारा की जा रही गोली बारी में फंस गए । इस प्रक्रिया में कांस्टेबल गोपाल सरकार का बायां पांव गम्भीर रूप से जख्मी हो गया जिसे बाद में उपचार के दौरान काट दिया गया । इस घटना में चार अपराधी मारे गए ।

इस मुठभेड़ में श्री गोपाल सरकार, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा अन्य उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है ।प तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 8 जून, 1986 से दिया जाएगा ।

सं० 54-प्रेम/89—राष्ट्रपति बिहार पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :–

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री चन्द्रदेव यादव (मरणोपरान्त)
हवलदार,
अंचल गार्ड,
जिला लोहारदग्गा,
बिहार

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

9 अप्रैल, 1988 को श्री चन्द्रदेव यादव, हवलदार, अंचल गार्ड, लोहारदग्गा, खाना खाने अपने घर गए । घर पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि उनकी धर्मपत्नी श्री जगदीश राम के घर दूरदर्शन देखने गयी है और वे उसे बुलाने वहां गए । जैसे ही वे जगदीश राम के घर पहुंचे, उन्होंने देखा कि रिवाल्वर और कटारों से लैस 10–12 उग्रवादी उस घर को लूट रहे हैं । हालांकि वे मानसिक रूप से या अन्य प्रकार से स्थिति का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे, फिर भी उन्होंने तुरन्त स्थिति का सामना किया और निहत्थे तथा अकेले ही आतंकवादियों का मुकाबला किया । उन्होंने बहादुरी के साथ दो डकैतों को पकड़ लिया और साहस के साथ उनको दबोचा । इसी बीच अपने दो साथियों को छुड़ाने के उद्देश्य से डकैतों के कुछ साथियों ने हवलदार यादव पर दो गोलियां चलायी, लेकिन वे दोनों अपराधियों के साथ लड़ते हुए अपने आप को गोलियों से बचाने में सफल हो गए । इसी दौरान एक अपराधी ने हवलदार की छाती में कटार के घातक हमला किया जिसके परिणाम स्वरूप वे भूमि पर गिर पड़े और बेहोश हो गए । इस स्थिति का फायदा उठाकर अपराधी भागने में सफल हो गए । हवलदार यादव जो गंभीर रूप से घायल हो गए थे, को तत्काल लोहारदग्गा अस्पताल ले जाया गया लेकिन रास्ते में जख्मों के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया ।

इस मुठभेड़ में श्री चन्द्रदेव यादव, हवलदार ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय देते हुए पुलिस बल के उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप अपने प्राणों का बलिदान कर दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 9 अप्रल, 1988 से दिया जाएगा ।

सं० 55-प्रेज०-89—राष्ट्रपति पश्चिम बंगाल पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री परितोष बासु राय,

सारजेन्ट,

जोरा बागान ट्रैफिक पुलिस गार्ड,

कलकत्ता ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

8 नवम्बर, 1987 को दोपहर के लगभग 1.55 बजे श्री परितोष बासु राय सारजेन्ट जब महात्मा गांधी मार्ग पर गश्त ड्यूटी के लिए तैनात थे तो उन्होंने गोली चलने की आवाजें सुनीं । वे गोली चलने के स्थान की ओर दौड़े और उन्होंने देखा कि लोग डर से आतंकित हो कर हड़बड़ी में इधर-उधर भाग रहे है और दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर रहे हैं । भीड़ में से हो कर वहां पहुंचने पर श्री राय ने देखा कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक वर्दीधारी नायक पागलपन में स्टेनगन से अंधाधुंध गोलियां चला रहा है । स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए श्री राय बाईं तरफ के पैदल पथ से इमारतों के खम्बों, खड़ी कारों और वहां निर्मित अन्य ढांचों के पीछे छुपते हुए झुक कर, घुटनों के बल चल कर और रेंगते हुए अन्ततः पागल बन्दूकधारी व्यक्ति तक पहुंचे और पीछे से उस पर झपट पड़े । तब उन दोनों में बच निकलने के लिए धक्कामुक्की, हाथापाई और भिड़न्त हुई । श्री राय की पकड़ से अपने आप को नहीं छुड़ा पाने पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के नायक ने स्टेनगन की नाली का मुंह पीछे घुमा कर गोली चलाने का प्रयास किया, परन्तु श्री राय ने न केवल अपनी पकड़ को और मजबूत कर दिया बल्कि स्टेनगन की गोली के वार से भी स्वयं को बचा लिया और नायक पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया । इसी समय बड़ा बाजार पुलिस स्टेशन का पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच गया और नायक से स्टेनगन छीन ली और अपराधी को अपनी अभिरक्षा में ले लिया । अपराधी से एक स्टेनगन, दो मैगजीनें, पहनी एक राउन्ड की और दूसरी 18 राउन्ड की, बरामद हुई ।

इस घटना में श्री परितोष बासु राय, सारजेन्ट ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्च कोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 8 नवम्बर, 1987 से दिया जाएगा ।

सं० 56-प्रेज०-89—राष्ट्रपति मेघालय पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री विलियम रिचमंड मारबनियांग,

पुलिस अधीक्षक,

शिलांग ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

5 अक्तूबर, 1988 को रात के लगभग 8.30 बजे उनीयाम पुलिस थाने के आफिसर कमांडिंग से उनीयाम पेट्रोल पम्प पर रिवाल्वरों और अन्य घातक हथियारों से लैस 6/7 व्यक्तियों द्वारा डकैती डालने के बारे में सूचना प्राप्त हुई । डकैत हल्के नीले रंग की एम्बेसेडर कार में शिलांग की ओर नकदी ले कर भाग गए ।

यातायात पुलिस शाखा सहित, सभी पुलिस टुकड़ियों को सतर्क और सचेत रहने के लिए सावधान कर दिया गया था, क्योंकि आक्रमणकारी सशस्त्र थे । रात के 8.40 बजे श्री विलियम रिचमंड मारबनियांग, पुलिस अधीक्षक कस्बे के विभिन्न भागों में पुलिस दलों की गतिविधि की जांच करने के लिए गए । जब वे शिलांग के जिमखियेंग क्षेत्र में पहुंचे तो उन्हें अपने से आगे हल्के नीले रंग की एम्बेसेडर कार नं० डब्ल्यु एम० एफ-1968 दिखाई दी । जब कार भोंगथी मई बीट हाउस के नजदीक पहुंची तो बीट हाउस के कर्मचारियों ने उसे रोकने की कोशिश की । कार की गति थोड़ी देर के लिए धीमी हुई परन्तु फिर वह आगे बढ़ गई । श्री मारबनियांग को इस बात का पक्का शक हो गया कि यह वही कार है, जिसकी वे तलाश कर रहे हैं । उन्होंने अपने कार ड्राइवर को निर्देश दिए कि वे अपनी कार को उस कार के आगे बढ़ा लें । लगभग 200 मीटर दूरी तक उस कार का पीछा करने के बाद वे उसके बराबर आ पहुंचे और उस कार को इसके आगे की तरफ उस समय रोकने के लिए मजबूर कर दिया जब उसके दायीं तरफ एक नाला पड़ता था ।

श्री मारबनियांग अपनी जीप से नीचे उतरे और उन्होंने कार के यात्रियों से पूछा कि उन्होंने बीट हाउस के पास कार क्यों नहीं रोकी, परन्तु कारवालों ने बताया कि कार चलाने वाला उनका एक दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया था और वे उसे अस्पताल ले जाने के लिए बहुत जल्दी में थे इसलिए बीट हाउस पर तैनात पुलिस दल ने उन्हें जाने की अनुमति दे दी थी । उसके बाद पुलिस अधीक्षक ने कार के ड्राईवर को कार के नीचे उतर जाने के लिए कहा और कार की इग्नीशन चाबी बाहर निकाल ली । उसके बाद उन्होंने अपने जीप ड्राईवर को बीट हाऊस जाने और वहां से कुछ पुलिस बल लाने को कहा ।

कार में पीछे बैठे हुए व्यक्ति ने श्री मारबनियांग को धक्का देने के इरादे से कार का बायां दरवाजा एकाएक जोर से खोला परन्तु वे एक ओर हट गए और दरवाजे से बच गए । श्री मारबनियांग ने कार के दरवाजे पर लात मारी और अपराधी का हाथ पकड़ लिया । इसी बीच अपराधी ने उस पर एक राउन्ड गोली चलाई लेकिन वह चूक गई । श्री मारबनियांग उनमें से एक को कसकर पकड़ना चाहते थे किन्तु उसी क्षण राजू साहा नामक व्यक्ति ने पिस्तौल निकाली और उन्हें गोली मारने की कोशिश की । स्थिति को नियंत्रण से बाहर महसूस करते हुए श्री मारबनियांग, पुलिस अधीक्षक सहायता के लिए चिल्लाए । श्री विलियम लामरे नामक एक व्यक्ति जो उधर से जा रहे थे, उनकी सहायता के लिए आए और दोनों ने अपराधी राजू साहा को निःशस्त्र कर दिया । इसी बीच एक दूसरा अपराधी कार से बाहर आया और उसने उन पर आक्रमण कर दिया परन्तु पुलिस अधीक्षक ने उसको एक ऐसी लात मारी कि वह चक्कर खाता हुआ वाहन के अन्दर जा गिरा । अपराधी ने एक और राउन्ड गोली चलाई इससे लामरे बाल-बाल बच गए । हथियार भी लामरे के चेहरे के इतना करीब था कि उसके रिकायल से उसका चेहरा और आंख की पलक जल और कट गई । अपराधी ने तत्काल एक चाकू निकाला परन्तु श्री मारबनियांग ने उसे निःशस्त्र कर दिया । हाथा-पाई के दौरान दोनों नाले में गिर गए । इसी बीच बीट हाऊस से वहां पुलिस पहुंच गई और उन अपराधियों को पकड़ लिया, जो पुलिस बल को देखकर भागने की कोशिश कर रहे थे । तीनों ही अपराधियों को पकड़ लिया गया और उनके कब्जे से एक उस्तरा और एक .12 बोर कारतूस बरामद किया गया । चौथे अपराधी को दूसरे दिन प्रातः निरीक्षक एन० के० कलिता द्वारा पकड़ लिया गया । उसके बाद गिरफ्तार किए गए अपराधियों को सूचना प्राप्त होने पर उसी गिरोह के दो और व्यक्तियों को गुवाहाटी में गिरफ्तार किया गया ।

इस मुठभेड़ में श्री विलियम रिचमंड मारबनियांग, पुलिस अधीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 5 अक्तूबर, 1988 से दिया जाएगा ।

सु० नीलकण्ठन, निदेशक

लोक सभा सचिवालय

(पी० यू० ब्रांच)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 1 जून 1989

सं० 4/1-पी० यू०/89—श्री दिनेश गोस्वामी, सदस्य, लोक सभा ने 29 मई, 1989 से सरकारी उपक्रमों सम्बन्धी समिति की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है ।

आर० डी० शर्मा, संयुक्त सचिव

मंत्रिमण्डल सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 अप्रैल 1989

संकल्प

सं० ए० 11013/6/89-प्रशा० I—सरकार ने एक "वित्तीय नीति सम्बन्धी समिति" का गठन करने का निर्णय लिया है जिसमें निम्नलिखित होंगे :—

(i) श्री एम० वेंकिटरमणन् — अध्यक्ष

(ii) डा० विजय केलकर — सदस्य

2. यह समिति :

(क) नरसिम्हा और आबिद हुसैन समितियों की रिपोर्टों पर की गई कार्रवाइयों की स्थिति पर विचार करेगी और अधिक कुशल, उत्पादक और आधुनिक अर्थव्यवस्था के विकास में सहायता करने के लिए आगे क्या कदम उठाए जाएं, इसका सुझाव देगी और इसके साथ-साथ उपर्युक्त लक्ष्यों की शीघ्र प्राप्ति के लिए विभिन्न आवश्यक नीति सम्बन्धी, कार्यविधिक तथा अन्य उपायों की समीक्षा करेगी;

(ख) सार्वजनिक क्षेत्र के सम्बन्ध में अर्जुन सेनगुप्ता समिति पर की गई कार्रवाई तथा आरम्भ किए गए विभिन्न कार्यविधिक सुधारों की स्थिति की समीक्षा करेगी तथा उसके सुधार के लिए उपाय सुझाएगी;

(ग) भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से ऋण प्रणाली तथा बैंकिंग क्षेत्र में सुधार और दक्षता में संबंध में पहले ही उठाए गए विभिन्न कदमों की समीक्षा करेगी ;

(घ) जब भी उचित समझेगी, केन्द्र द्वारा वित्त-पोषित खर्च की मानिटरिंग, पर्यवेक्षण और मूल्यांकन के उपायों की समीक्षा करेगी और इस सम्बन्ध में सुझाव देगी तथा विभिन्न मंत्रालयों में योजना और गैर-योजना दोनों तरह के खर्चों पर अत्यधिक प्रभावशाली नियंत्रण स्थापित करने के साधनों का पता लगाएगी;

(ङ) उन्नत कर-संग्रह तथा अर्थ-व्यवस्था की उच्च लागतों में कमी करने के लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कराधान के सुधारों के सम्बन्ध में की गई कार्रवाई को अद्यतन करेगी;

(च) अन्य उन मामलों पर भी विचार करेगी जो प्रधान मंत्री द्वारा समय-समय पर भेजे जाएंगे ।

3. उपर्युक्त दायित्वों को पूरा करने के लिए यह समिति भारत सरकार के सम्बद्ध मंत्रालयों/विभागों और इनकी एजेंसियों में उपलब्ध सूचना और विशेषज्ञता प्राप्त करेगी और यदि आवश्यक होगा तो ऐसे अध्ययनों को प्रायोजित करेगी ।

4 (क) यह समिति सलाहकार समिति के रूप में होगी और अपनी रिपोर्ट प्रधान मंत्री को प्रस्तुत करेगी ।

(ख) यह समिति, जब कभी आवश्यक हुआ तो महत्व के मामलों पर अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी ।

(ग) यह समिति 31 दिसम्बर, 1989 तक अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर देगी ।

5. यह समिति नियम निर्धारित करने और इसके समक्ष भेजे गए विभिन्न मामलों पर विशेष सुझाव प्राप्त करने के लिए अपने कार्यविधिक नियम बनाएगी ।

6. इस समिति को मंत्रिमण्डल सचिवालय द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी और इस समिति का मुख्यालय नई दिल्ली में होगा ।

आदेश :

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों तथा अन्य सम्बन्धितों को भेजी जाए ।

दीपक दास गुप्ता, संयुक्त सचिव

(योजना आयोग)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 19 मई 1989

संकल्प

सं० एम-13043/12(7)/87-कृषि—यह निर्णय लिया गया है कि डा० टी० वी० एस० राव, प्रभारी निदेशक, कृषि अर्थशास्त्र अनुसंधान केन्द्र, आंध्र विश्वविद्यालय, वाल्टेयर-530003, के स्थान पर डा० बी० भुयान प्राचार्य कृषि अर्थशास्त्र, उड़ीसा कृषि तथा प्रौद्योगिकी विश्व-विद्यालय, भुवनेश्वर-751003, भारत सरकार योजना आयोग के दिनांक 3 जून, 1988 के द्वारा गठित संकल्प सं० एम-13043/12/87-कृषि द्वारा गठित जोन-7 पूर्वी पठार और पर्वतीय प्रदेश के लिए योजना टीम के तत्काल प्रभाव से सदस्य सचिव होंगे ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति आयोजना टीम के अध्यक्ष और सदस्यों, सभी सम्बन्धित मंत्रालयों और भारत सरकार तथा राज्य सरकारों के सम्बन्धित विभागों को प्रेषित कर दी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत के राजपत्र में भी सूचनार्थ प्रकाशित किया जाए ।

जगदीश चन्द्र अग्रवाल
निदेशक (प्रशासन)

विधि और न्याय मंत्रालय

(विधि कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 11 मई 1989

सं० एफ० 11(1)/88-वि० स० स्की० का० स०—उच्चतम न्यायालय विधिक सहायता समिति का गठन तारीख 9-7-1981 के संकल्प द्वारा किया गया था ।

और उपरोक्त संकल्प के अनुसरण में तारीख 12-2-1986 की अधिसूचना द्वारा वर्तमान उच्चतम न्यायालय विधिक सहायता समिति दो वर्ष की अवधि के लिए बनाई गई थी ।

और वर्तमान उच्चतम न्यायालय विधिक सहायता समिति की अवधि, तारीख 10 मार्च, 1988 की अधिसूचना सं० एफ० 6 (34)/81-कान्सें० द्वारा तारीख 12-2-1988 से छह मास के लिए और तारीख 25 अगस्त, 1988 की अधिसूचना सं० एफ० 6(34)/81-का० से० द्वारा दोबारा छह मास की अवधि के लिए बढ़ाई गई थी जो तारीख 11-2-1989 को समाप्त हो गई है तथा उक्त समिति का पुनर्गठन अन्तिम रूप दिए जाने के लिए विचाराधीन है ।

अतः अब राष्ट्रपति, ऐसी परिस्थितियों में, वर्तमान उच्चतम न्यायालय विधिक सहायता समिति जिसके अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री ई० एस० वेंकटरामय्या हैं कि अवधि तारीख 12-2-1989 से और छह मास की अवधि के लिए बढ़ाते हैं ।

चि० प्रभाकर राव, विशेष सचिव

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग

नियम

नई दिल्ली-110001, दिनांक 1 जुलाई 1989

सं० 5/6/89-के० से०-(1)—निम्नलिखित सेवाओं के अनुभाग अधिकारी आशुलिपिक (ग्रेड ख/ग्रेड-1) की चयन सूचियों में सम्मिलित करने के लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 1989 में ली जाने वाली सम्मिलित सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा के नियम संबंधित मंत्रालय की सहमति से सर्व साधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किए जाते हैं ।

वर्ग 1

केन्द्रीय सचिवालय सेवा का अनुभाग अधिकारी ग्रेड

वर्ग 2

भारतीय विदेश सेवा शाखा 'ख' के सामान्य संवर्ग का (समेकत ग्रेड-2 तथा 3)

वर्ग 3

रेल बोर्ड सचिवालय सेवा का अनुभाग अधिकारी ग्रेड

वर्ग 4

केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा का विलयित ग्रेड क तथा ख

वर्ग 5

भारतीय विदेश सेवा, शाखा 'ख' के आशुलिपिक संवर्ग का ग्रेड

वर्ग 6

सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा का ग्रेड 'ख'

वर्ग 7

रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा का ग्रेड 'ख'

वर्ग 8

आसूचना ब्यूरो का अनुभाग अधिकारी ग्रेड-1

1. प्रत्येक ग्रेड की चयन सूची में सम्मिलित करने के लिए चयन किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी किए गए नोटिस में निर्दिष्ट की जाएगी । अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों के लिए पद सरकार द्वारा निश्चित रिक्तियों को देखते हुए आरक्षित रखे जाएंगे ।

2. संघ लोक सेवा आयोग द्वारा यह परीक्षा इन नियमों के परिशिष्ट-1 में निर्धारित ढंग से ली जाएगी ।

परीक्षा की तारीख और स्थान आयोग द्वारा निर्धारित किए जाएंगे ।

3. नीचे कालम 1 में उल्लिखित स्थाई अथवा नियमित रूप से नियुक्त ग्रेडों और सेवा के अस्थाई अधिकारी जो 1 जुलाई, 1989 को और कालम 2 में उल्लिखित सेवा की अवधि से संबंधित शर्तें पूरी करते हैं, कालम 3 में उल्लिखित सेवा के वर्ग के लिए परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे ।

कालम 1	कालम 2	कालम 3
1	2	3
केन्द्रीय सचिवालय सेवा का सहायक ग्रेड और केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा का ग्रेड 'ग'	केन्द्रीय सचिवालय सेवा के सहायक ग्रेड में अथवा केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड 'ग' में अथवा दोनों में, जैसी भी स्थिति हो, अनुमोदित तथा लगातार सेवा 5 वर्ष से कम न हो ।	वर्ग-I
सामान्य संवर्ग का ग्रेड-IV आशुलिपिक संवर्ग का ग्रेड-II और भारतीय विदेश सेवा शाखा 'ख' का साइफर उपसंवर्ग का ग्रेड-II	सामान्य संवर्ग के ग्रेड IV में अथवा आशुलिपिक संवर्ग के ग्रेड-II में अथवा भारतीय विदेश सेवा शाखा 'ख' के साइफर संवर्ग के ग्रेड II में अथवा ऊपर के सभी ग्रेडों में, जैसी भी स्थिति हो, अनुमोदित तथा लगातार सेवा 5 वर्ष से कम न हो ।	वर्ग-II

1	2	3
रेल बोर्ड सचिवालय सेवा का सहायक ग्रेड और रेलवे बोर्ड आशुलिपिक सेवा का ग्रेड 'ग'	रेल बोर्ड सचिवालय सेवा के सहायक ग्रेड में अथवा रेल बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड–II ग्रेड 'ग' में अथवा दोनों में, जैसी भी स्थिति हो, अनुमोदित तथा लगातार सेवा 5 वर्ष से कम न हो।	वर्ग–III
केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा का ग्रेड 'ग'	केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड II ग्रेड 'ग' में अनुमोदित तथा लगातार सेवा 5 वर्ष से कम न हो।	वर्ग–IV
भारतीय विदेश सेवा 'ख' का आशुलिपिक संवर्ग का ग्रेड-II	भारतीय विदेश सेवा 'ख' के आशुलिपिक संवर्ग के ग्रेड-II में अनुमोदित तथा लगातार सेवा 5 वर्ष से कम न हो।	वर्ग–V
सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा का ग्रेड 'ग'	सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-II ग्रेड 'ग' में अनुमोदित तथा लगातार सेवा 5 वर्ष से कम न हो।	वर्ग–VI
रेल बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा का ग्रेड 'ग'	रेल बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड IV ग्रेड 'ग' में कम से कम 5 वर्ष की अनुमोदित तथा लगातार सेवा।	वर्ग-VII
आसूचना ब्यूरो का सहायक आशुलिपिक ग्रेड–II	आसूचना ब्यूरो का सहायक ग्रेड 'ग' अथवा आसूचना ब्यूरो की आशुलिपिक ग्रेड सेवा के आशुलिपिक II में अनुमोदित तथा लगातार सेवा 5 वर्ष से कम न हो।	वर्ग-VIII

किन्तु शर्त यह है कि किसी प्रतियोगिता परीक्षा, जिसमें सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा शामिल है, के परिणामों के आधार पर यदि कोई उम्मीदवार उपरोक्त कालम 1 में उल्लिखित ग्रेडों में नियुक्त हो गया है, ऐसी परीक्षा निर्णायक तारीख से कम से कम 5 वर्ष पहले हो गई और उस ग्रेड में उसने कम से कम 4 वर्ष अनुमोदित तथा लगातार सेवा कर ली है।

टिप्पणी 1 :—ऊपर के कालम में उल्लिखित ग्रेडों और सेवाओं के वे स्थायी अथवा नियमित रूप से नियुक्त अधिकारी जो सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से नियत अवधि के लिए संवर्ग बाह्य पदों पर प्रतिनियुक्ति पर हैं, यदि अन्यथा पात्र हों, तो इस परीक्षा में प्रवेश पाने के पात्र होंगे और प्रतिनियुक्ति की अवधि के दौरान उनके द्वारा दी गई सेवा कालम 2 में उल्लिखित सेवा अवधि के लिए अर्हक होगी।

परन्तु यह कालम 1 में उल्लिखित ग्रेडों तथा सेवाओं के उन अधिकारियों पर लागू नहीं होता है जिनको संवर्ग बाह्य पद पर अथवा अन्य सेवा में "स्थानान्तरण" पर नियुक्त किया गया हो और जो कालम 1 में संदर्भित ग्रेडों तथा सेवाओं में कोई पुनर्ग्रहणाधिकार नहीं रखते हैं।

टिप्पणी 2 :—केन्द्रीय सचिवालय सेवा के सहायक और केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक जिन्होंने भारतीय विदेश सेवा की शाखा 'ख' में नियुक्ति के लिए विकल्प दिया हो और ऐसे विकल्प के अनुसरण में उप सेवा के किसी ग्रेड में नियुक्त कर लिए गए हों, वर्ग 1 और वर्ग 5 के लिए परीक्षा में प्रवेश पाने के पात्र नहीं होंगे।

टिप्पणी 3 :—केन्द्रीय सचिवालय सेवा के सहायक तथा केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के आशुलिपिक, जो भारतीय विदेश सेवा शाखा 'ख' में प्रतिनियुक्ति पर है वर्ग 2 तथा 5 के लिए परीक्षा में प्रवेश पाने के पात्र नहीं होंगे।

4. दो वर्गों के लिए प्रतियोगिता में भाग ले रहे उम्मीदवार अपने आवेदन-पत्र में अपनी पसन्द के अनुसार वर्गों का वरीयता-क्रम स्पष्ट रूप में लिख दें।

विशेष ध्यान :—उम्मीदवार द्वारा प्रारम्भ में अपने आवेदन-पत्र में निर्दिष्ट वर्गों के वरीयता क्रम में परिवर्तन करने से सम्बद्ध किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा जब तक कि ऐसा अनुरोध संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में लिखित परीक्षा के परिणाम के रोजगार समाचार में प्रकाशित होने के 30 दिनों के भीतर प्राप्त नहीं हो जाता।

5. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के सम्बन्ध में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा।

6. किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक प्रवेश नहीं दिया जाएगा जब तक कि उसके पास आयोग का प्रवेश प्रमाण-पत्र न हो।

7. जिस उम्मीदवार ने :—

(1) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त किया है, अथवा

(2) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(3) किसी अन्य व्यक्ति से छद्म रूप से कार्य साधन कराया है, अथवा

(4) जाली प्रमाण-पत्र या ऐसे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए हैं, जिनमें तथ्यों को बिगाड़ा गया हो, अथवा

(5) गलत या झूठे वक्तव्य दिए हैं या किसी महत्त्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा

(6) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लिया है, अथवा

(7) परीक्षा के समय अनुचित साधनों का प्रयोग किया हो, अथवा

(8) उत्तर पुस्तिकाओं पर असंगत बातें लिखी हों जो अश्लील भाषा में या अभद्र आशय की हो, अथवा

(9) परीक्षा भवन में और किसी प्रकार का दुर्व्यवहार किया हो, अथवा

(10) परीक्षा चलाने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान किया हो या अन्य प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाई हो, अथवा

(11) उम्मीदवारों को परीक्षा देने की अनुमति देते हुए प्रेषित प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ जारी किसी अनुदेश का उल्लंघन किया हो, अथवा

(12) उपर्युक्त खण्डों में उल्लिखित सभी अथवा कोई भी किया हो तो उस पर अपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रोसीक्यूशन) चलाया जा सकता है, और उसके साथ ही उसे :—

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा से जिसका वह उम्मीदवार है, बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है, अथवा

(ख) उसे अस्थायी रूप से अथवा एक विशेष अवधि के लिए—

(1) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिए,

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा उनके अधीन किसी भी नौकरी से वारित किया जा सकता है, और

(ग) यदि वह सरकार के अधीन पहले से ही सेवा में है तो उसके विरुद्ध उपर्युक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है किन्तु शर्त यह है कि इस नियम के अधीन कोई शास्ति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक—

(1) उम्मीदवार भी इस सम्बन्ध में लिखित अभ्यावेदन जो वह देना चाहे प्रस्तुत करने का अवसर न दिया गया हो, और

(2) उम्मीदवार द्वारा अनुमत समय में प्रस्तुत अभ्यावेदन पर, यदि कोई हो, विचार न किया गया हो।

8. उम्मीदवार को आयोग के नोटिस के अनुबन्ध में निर्धारित शुल्क अदा करना होगा।

9. परीक्षा के बाद अंतिम रूप से प्रत्येक उम्मीदवार को दिए गए अंकों के आधार पर आयोग योग्यताक्रम उम्मीदवारों की सूची बनायेगा, और उसी क्रम से जितने उम्मीदवार अर्हता प्राप्त समझे जायेंगे उन्हें अपेक्षित संख्या तक प्रत्येक वर्ग की चयन सूची में शामिल करने के लिए आयोग द्वारा अनुशंसा की जाएगी।

किन्तु यदि सामान्य स्तर से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या तक अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवार नहीं भरे जा सकते हों, तो आरक्षित कोटा की कमी पूरी करने के लिए आयोग द्वारा स्तर में छूट देकर चाहे परीक्षा के योग्यता क्रम में उसका कोई भी स्थान क्यों न हो, नियुक्ति के लिए उनकी अनुशंसा की जा सकेगी बशर्ते कि ये उम्मीदवार प्रत्येक वर्ग की सूची में शामिल किए जाने के लिए उपयुक्त हों।

नोट :—उम्मीदवारों को यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि यह प्रतियोगिता परीक्षा है, न कि अर्हक परीक्षा। परीक्षा के परिणाम के आधार पर प्रत्येक चयन सूची में शामिल किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या नियत करने के लिए सरकार पूरी तरह से सक्षम है। कोई भी उम्मीदवार इस परीक्षा में अपने निष्पादन के आधार पर चयन सूची में शामिल किए जाने के लिए अधिकार के रूप में दावा नहीं कर सकेगा।

10. प्रत्येक उम्मीदवार की परीक्षा फल की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाए, इसका निर्णय आयोग स्वयं करेगा। आयोग परीक्षा फल के बारे में किसी भी उम्मीदवार से पत्राचार नहीं करेगा।

11. परीक्षा में पास हो जाने मात्र से नियुक्ति का अधिकार तब तक नहीं मिलता, जब तक कि सरकार आवश्यक जांच के बाद संतुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार सेवा में कार्य संचालन की दृष्टि से चयन के लिए हर प्रकार से योग्य है।

परन्तु आयोग द्वारा चयन के लिए अनुशंसित किए गए किसी उम्मीदवार को चयन के लिए अपात्र मानने के बारे में निर्णय आयोग के साथ परामर्श करके किया जाएगा।

12. यदि कोई उम्मीदवार जो परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन-पत्र भेजने के बाद अथवा परीक्षा में बैठने के बाद अपनी नियुक्ति से त्यागपत्र दे देता है अथवा और किसी कारणवश सेवा छोड़ देता है अथवा उससे सम्बन्ध विच्छेद कर लेता है, अथवा उसकी सेवा उसके विभाग द्वारा समाप्त कर दी जाती है अथवा उसकी किसी संवर्ग बाह्य पद पर अथवा अन्य सेवा में स्थानान्तरण पद पर नियुक्त कर दिया जाता है और केन्द्रीय सचिवालय सेवा/

रेल बोर्ड सचिवालय सेवा के सहायक ग्रेड आसूचना ब्यूरो अथवा केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा/रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा/सशस्त्र सेवा मुख्यालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड "ग" सूचना ब्यूरो आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-II, अथवा भारतीय विदेश सेवा शाखा "ख" में किसी पद पर उसका अपना पुनर्ग्रहणाधिकार नहीं है तो वह इस राशि के परिणाम के आधार पर नियुक्त होने का पात्र नहीं होगा।

परन्तु यह बात उस व्यक्ति के मामले में लागू नहीं होती जो सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त कर दिया गया है।

13. जिन उम्मीदवारों ने 26 अक्तूबर, 1962 को जारी की गई आपातकाल की उद्घोषणा के प्रवर्तन काल में अर्थात् 26 अक्तूबर, 1962 से 9 जनवरी, 1968 तक सशस्त्र सेना में नौकरी की हो और जो सशस्त्र सेना में अपनी सेवावधि के दौरान ली गई अनुभाग अधिकारियों की सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षाओं और अनुभाग अधिकारी ग्रेड की (रेल बोर्ड) की सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षाओं में न बैठ सके हों, यदि इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर अनुभाग अधिकारियों के ग्रेड की चयन सूची में सम्मिलित करने के लिए अन्तिम रूप से उनकी अनुशंसा की जाती है तो, उनकी वरिष्ठता भारत सरकार द्वारा जारी किए गए विशेष आदेशों के अनुसार विनियमित की जाएगी।

जी० एस० पीरजादा, अवर सचिव

परिशिष्ट—

परीक्षा निम्नलिखित योजना के अनुसार ली जाएगी :—

भाग 1(क) :—नीचे पैरा 2 में दिए गए विषयों में अधिकतम 500 अंकों की लिखित परीक्षा।

(ख) हिन्दी या अंग्रेजी में 100 शब्द प्रति मिनट की एक अर्हक आशुलिपिक परीक्षा।

टिप्पणी 1 :—वर्ग 4, 5, 6 और 7 हेतु प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले सभी उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के समय अर्हक आशुलिपि-परीक्षण देना होगा किन्तु जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त कर लेते हैं केवल उन्हीं के उत्तर-पत्रकों का मूल्यांकन किया जाएगा।

टिप्पणी 2 :—उम्मीदवार को अपने शार्टहैंड नोट्स को टाइपराइटर पर लिप्यन्तरण करना होगा और ऐसे उद्देश्य के लिए उन्हें अपने टाइपराइटर साथ लाने होंगे।

भाग 2 :— जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में आयोग द्वारा अपनी विवेचना पर निर्धारित न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त कर लेते हैं उनके सेवा अभिलेख मूल्यांकन के अधिकतम 150 अंक होंगे।

2. सेवा के विभिन्न वर्गों के प्रतियोगी उम्मीदवारों को निम्नलिखित विषयों की लिखित परीक्षा में बैठना होगा :—

क्र० सं०	विषय
(1)	टिप्पणी तथा मसौदा लेखन, लेखनसार
(2)	(i) भारत सरकार के सचिवालय तथा सम्बद्ध कार्यालय में कार्यविधि तथा कार्य प्रणाली (वर्ग I और II के लिए)
	(ii) भारत सरकार के सचिवालय तथा सम्बद्ध कार्यालय में कार्यविधि तथा कार्य प्रणाली (वर्ग IV, V और VI के लिए)
	(iii) भारत सरकार के सचिवालय तथा सम्बद्ध कार्यालय में कार्यविधि तथा कार्य प्रणाली (वर्ग VIII के लिए)
	(iv) कार्यालय पद्धति तथा कार्य प्रणाली (वर्ग III के लिए)
	(v) कार्यालय पद्धति तथा कार्य प्रणाली I (वर्ग VII के लिए)
(3)	(i) भारत के संविधान और सरकारी मशीनरी, संसद् कार्य प्रणाली तथा क्रियाविधि का सामान्य ज्ञान, (वर्ग I, II, III और VIII के लिए)
	(ii) भारत के संविधान और सरकारी मशीनरी, संसद् कार्य प्रणाली तथा क्रियाविधि का सामान्य ज्ञान (वर्ग IV, V, VI तथा VII के लिए)
(4)	(i) सामान्य वित्तीय तथा सेवा नियम (वर्ग I और VIII के लिए)
	(ii) सामान्य वित्तीय तथा सेवा नियम (वर्ग II के लिए)
	(iii) सामान्य वित्तीय तथा सेवा नियम (वर्ग IV के लिए)
	(iv) सामान्य वित्तीय तथा सेवा नियम (वर्ग V के लिए)
	(v) रेल वित्तीय तथा सेवा नियम (वर्ग III के लिए)
	(vi) रेलवे वित्तीय तथा सेवा नियमावली—I (वर्ग VII के लिए)
	(vii) वित्तीय विनियम तथा सेवा नियम (वर्ग VI के लिए)
(5)	सामान्य अध्ययन (कोड सं० 02) (वस्तुपरक प्रकार)

प्रत्येक प्रश्न-पत्र के अधिकतम 100 अंक होंगे और इसके लिए 2 घंटे का समय दिया जाएगा।

टिप्पणी :—सामान्य अध्ययन के प्रश्न-पत्र में केवल वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न हों। विस्तृत विवरण के लिए [जिसमें नमूने के प्रश्न भी दिए गए हैं, कमीशन के नोटिस (अनुबंध 2)] उम्मीदवारों के सूचनार्थ विवरणिका को देखें ।

3. परीक्षा का पाठ्य विवरण अनुसूची में दिया गया है।

4. वर्ग 1—7 के लिए प्रतियोगिता में भाग ले रहे उम्मीदवारों को प्रश्न-पत्र (2) तथा (3) के उत्तर अंग्रेजी अथवा हिन्दी (देवनागरी) में देने का विकल्प होगा । सभी उम्मीदवारों को प्रश्न-पत्र (1) तथा प्रश्न-पत्र (4) के उत्तर अंग्रेजी में देने होंगे । प्रश्न-पत्र (2), (3) एवं (5) हिन्दी और अंग्रेजी में दिये जायेंगे तथा प्रश्न-पत्र (1) और (4) केवल अंग्रेजी में ही दिए जाएंगे ।

वर्ग 8 के लिए प्रतियोगिता में भाग ले रहे उम्मीदवारों को प्रश्न-पत्र (3) के उत्तर अंग्रेजी अथवा हिन्दी (देवनागरी) में देने का विकल्प होगा, प्रश्न-पत्र (1), (2) और (4) के उत्तर अंग्रेजी में देने होंगे। प्रश्न-पत्र (3) एवं (5) हिन्दी और अंग्रेजी में दिए जाएंगे तथा प्रश्न-पत्र (1), (2) और (4) केवल अंग्रेजी में ही दिए जाएंगे ।

टिप्पणी 1 :—उपर्युक्त सभी तीनों/दोनों प्रश्न-पत्रों के लिए एक ही विकल्प होगा और विभिन्न प्रश्न-पत्रों के लिए अथवा एक ही प्रश्न-पत्र में विभिन्न प्रश्नों के लिए अलग-अलग नहीं ।

टिप्पणी 2 :— उक्त प्रश्न-पत्र (पत्रों) के उत्तर हिन्दी (देवनागरी) में विकल्प देने वाले उम्मीदवारों को अपने पद इस इरादे का उल्लेख आवेदन-पत्र के कालम 8 में स्पष्ट रूप से करना चाहिए, नहीं तो यह समझा जाएगा कि वे सभी प्रश्न-पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में ही देंगे ।

टिप्पणी 3 :— प्रश्न-पत्र के उत्तर हिन्दी (देवनागरी) में लिखने वाले उम्मीदवार, यदि वे चाहें तो, हिन्दी की शब्दावली, यदि कोई हो, के साथ अंग्रेजी पर्याय भी ब्रेकिट में दे सकते हैं ।

टिप्पणी 4 :—यदि उम्मीदवार द्वारा आवेदन प्रपत्र में निर्दिष्ट किए गए माध्यम से उत्तर माध्यम की परीक्षा में प्रयोग किया जाता है तो ऐसे उम्मीदवारों के प्रश्न-पत्र (पत्रों) का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।

5. वर्ग 4, 5, 6, 7 के लिए प्रतियोगिता में भाग ले रहे जो उम्मीदवार (2), (3) और (5) तीन प्रश्न-पत्रों के उत्तर हिन्दी (देवनागरी) में ही देने का विकल्प देंगे, उन्हें आशुलिपिक परीक्षा भी केवल हिन्दी (देवनागरी) में ही देनी होगी और जो उम्मीदवार उपरोक्त प्रश्न-पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में देने का विकल्प देंगे उन्हें आशुलिपि परीक्षा भी अंग्रेजी में देनी होगी ।

6. अंग्रेजी हिन्दी की आशुलिपि परीक्षा में 100 शब्द प्रति मिनट की गति से 10 मिनट का श्रुतलेख शामिल है जिसे उम्मीदवारों को 50/65 मिनट में लिप्यंतर करना होगा ।

7. उम्मीदवारों को प्रश्न-पत्रों के उत्तर अपने हाथ से लिखने होंगे । उन्हें किसी भी हालत में उनकी ओर से उत्तर लिखने के लिए किसी अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

8. आयोग अपने निर्णय से परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के अर्हक अंक निर्धारित कर सकता है ।

9. केवल सतही ज्ञान के लिए नम्बर नहीं दिए जाएंगे ।

10. लिखित विषयों में अधिकतम अंकों के 5 प्रतिशत अंक तक अस्पष्ट लिखाई के लिए काट लिए जाएंगे ।

11. परीक्षा के सभी विषयों में इस बात को श्रेय दिया जाएगा कि अभिव्यक्ति कम से कम शब्दों में क्रमबद्ध तथा प्रभावपूर्ण ढंग से और ठीक-ठीक की गई हो ।

12. उम्मीदवारों को प्रश्न-पत्रों के उत्तर लिखते समय भारतीय अंकों के अन्तर्राष्ट्रीय रूप (अर्थात् 1, 2, 3, 4, 5, 6 आदि) का ही प्रयोग करना चाहिए ।

अनुसूची

परीक्षा का पाठ्य विवरण

जहां नियमों, आदेशों आदि का ज्ञान अपेक्षित है, उम्मीदवारों से यह आशा की जाएगी कि वे इस परीक्षा की अधिसूचना की तारीख तक जारी किए गए संशोधनों की जानकारी रखें ।

टिप्पण तथा मसौदा, लेखन, सार-लेखन

